प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

.........................

केंद्र सरकार की ओर से जलग्रहण विकास के लिये वाटरशेड यात्रा का राज्य स्तरीय कार्यक्रम बारां जिले की किशनगंज ग्राम पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत आयोजित इस जलग्रहण यात्रा का विषय ''जल लाए धन–धान्य'' रखा गया है। यह यात्रा राज्य में दो रथों द्वारा अलग–अलग मार्गों से 214 ग्राम पंचायतों से होकर गुजरेगी। वाटर शेड यात्रा के दौरान श्रमदान, वृक्षारोपण और कलश यात्रा सहित कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य जलग्रहण गतिविधियों की जानकारी जन–जन को देना, इससे होने वाले लाभों के बारे में जागरुक कराना और परियोजना से जुड़ाव सुनिश्चित करना है।

.........................

प्रदेश में एग्रीस्टैक योजना के तहत आज से किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. बनायी जा रही है। इसके तहत हर पंजीकृत किसान को 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी दी जाएगी। इसके लिए 31 मार्च तक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाये जायेंगे। हर ग्राम पंचायत पर तीन दिन तक शिविर लगाकर फार्मर आईडी बनाई जायेगी। एग्रीस्टैक योजना से किसानों को कई लाभ मिलेंगे। इनमें पीएम किसान सम्मान निधि किश्त का सरल भुगतान, फसल बीमा का फायदा, फसल खराबे की स्थिति में जल्द पहचान और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए स्वचालित पंजीकरण शामिल हैं। इसके साथ ही ये केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी, किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तक किसानों की पहुंच को सरल बनाएगी।

.........................

और अब महाकुंभ से जुडी खबरें–
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाकुंभ पंहुचकर संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम पर पूजा–अर्चना भी की। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ के साथ स्टीमर में बैठकर संगम घाटों का अवलोकन किया। इस बीच प्रदेश से महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज और रेल्वे की ओर से विशेष व्यवस्थाएं लगातार जारी है। इसी कडी में आज जोधपुर के भगत की कोठी से महाकुंभ मेला स्पेशल रेलगाडी चलाई जा रही है। ये ट्रेन शाम चार बजे रवाना होगी।

.........................

जयपुर–आगरा नेशनल हाईवे पर आज सुबह दौसा के पीपलखेड़ा गांव के पास सड़क हादसे में बस में सवार दो महिलाओं की मृत्यु हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। घायलों को महवा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ये दुर्घटना बस के अनियंत्रित होकर पलटने से हुई। ये बस प्रयागराज से लौट रही थी। बस में सवार सभी श्रद्धालु महाकुंभ से आ रहे थे। ये सभी चूरू, हनुमानगढ़ तथा हरियाणा के सिरसा के रहने वाले थे।

.........................

दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक चलेगा। इस चुनाव में कुल 699 उम्मीदवार मैदान में हैं। राष्ट्रीय राजधानी में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, केंद्रीय मंत्री डॉ० एस जयशंकर और हरदीप सिंह पुरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री आतिशी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

.........................

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों की सुविधा के लिए भरतपुर विकास प्राधिकरण की ओर से ई–साईकिल और ई–बाइक शुरू की जायेगी। इसके लिए उद्यान के बाहर चार्जिंग स्टेशन बनाया जा रहा है। पिछले साल उद्यान में ई रिक्शा चलाये गये थे। उधान के डीएफओ मानस सिंह ने बताया

कि ई–साईकिल और ई–बाइक से भ्रमण करने वालों के लिए जल्द ही शुल्क भी तय कर दिया जाएगा ।

..........................

प्रदेश के पूर्वी इलाकों में बीते 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में भी गिरावट हुई है। इससे सुबह और शाम की सर्दी बढ गई है। 14 शहरों में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सैल्सियस से नीचे पंहुच गया है। कल सबसे कम 3 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में रहा।

..........................